# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2019

दिनांक :..........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

सेवा में,

**प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,**

विश्वविद्यालय से समस्त सहयुक्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, लखनऊ।

**शीर्ष प्राथमिकता**

महोदय/महोदया,

सूच्य है कि 26 नवम्बर, 2019 को उ0प्र0 शासन द्वारा आयोजित किये जा रहे 'संविधान दिवस' के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कतिपय कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं जिनके क्रम में मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम भी आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं :–

1. विद्यार्थियों को न्यायालय व सरकारी कार्यालयों का भ्रमण कराया जाए।
2. चित्रकला प्रतिस्पर्धा का आयोजन कराया जाए।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 26 नवम्बर, 2019 को महाविद्यालय में "संविधान दिवस" के रूप में मनाये जाने व इस अवसर पर आयोजित अन्य कार्यक्रमों के साथ–साथ उक्त क्रमांक–1 तथा 2 से निर्देशित कार्यक्रमों का भी आयोजन सम्पन्न कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा उक्त कार्यक्रमों की वीडीओ एवं न्यायालय/सरकारी कार्यालयों में भ्रमण करने वाले व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों के नाम सहित संख्या भी मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कार्यवाहक कुलसचिव

संख्या : Af/ 26409-91 दिनांक : 20.11.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. संकायाध्यक्ष, विधि संकाय, ल0वि0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि समस्त राजकीय एवं अनुदानित तथा स्ववित्तपोषित सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(वी0पी0 कौशल)
कार्यवाहक कुलसचिव